# 11 वर्ष में रेलवे की बड़ी उपलब्धि

**42,600** एलएचबी कोचों का निर्माण | **3,590** कोचों की इस साल बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर. भारतीय रेलवे ने लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोचों के उत्पादन में लगातार प्रगति की है, जिन्हें यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा, बेहतर यात्रा आराम और बेहतर परिचालन प्रदर्शन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया.**

रेलवे की तरफ से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 2014 और 2025 के बीच, 42,600 से अधिक एलएचबी कोचों का विनिर्माण किया, जो 2004 और 2014 के बीच निर्मित 2,300 कोचों की तुलना में 18 गुना अधिक है. चालू वित्त वर्ष 2025-26 (नवंबर 2025 तक) के दौरान



कुल 4,224 से अधिक एलएचबी कोचों का विनिर्माण किया गया है. यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पादित 3,590 कोचों की तुलना में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है. उत्पादन में यह वृद्धि रेलवे इकाइयों में विनिर्माण क्षमता के निरंतर सुदृढ़ीकरण और बेहतर उत्पादन नियोजन को प्रदर्शित करती है.

## ब्रॉडगेज नेटवर्क का 99 .2 प्रतिशत विद्युतीकरण पूर्ण

भारतीय रेलवे का महत्वाकांक्षी रेल विद्युतीकरण अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है. रेल मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, देश के ब्रॉडगेज रेलवे नेटवर्क की 99 प्रतिशत से अधिक लाइनें अब बिजली से संचालित हो चुकी हैं और शेष बचे हिस्से का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा. रेलवे ने वर्ष 2019 से 2025 के बीच करीब 33,000 किलोमीटर से अधिक रेल मार्गों का विद्युतीकरण किया है. इस अवधि में औसतन प्रतिदिन 15 किलोमीटर से अधिक रेल लाइन को बिजली से जोड़ा गया. मंत्रालय के अनुसार, यह दूरी लगभग जर्मनी के संपूर्ण रेलवे नेटवर्क के बराबर है, जो इस अभियान की व्यापकता और गति को दर्शाता है. वर्तमान में भारत के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 99 .2 प्रतिशत ब्रॉडगेज रेल मार्ग विद्युतीकृत हो चुके हैं. दुनिया के सबसे बड़े और व्यस्त रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना भारतीय रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक सफलता मानी जा रही है. विद्युतीकरण से रेलवे को कई स्तरों पर लाभ मिला है. डीजल पर निर्भरता घटने से पर्यावरण प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है. साथ ही परिचालन लागत कम हुई है, ट्रेनों की गति बढ़ी है और समय पालन में सुधार हुआ है. बिजली से चलने वाली ट्रेनें अधिक विश्वसनीय होती हैं और उनके रखरखाव की लागत भी कम होती है.

# मुंबई की सड़कें धोईं, खजाना नहीं लूटा

## शिंदे ने किया उद्धव पर तीखा हमला

**नागपुर, 14 दिसंबर. महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर हमला बोला.**

उन्होंने आरोप लगाया कि कोविड काल और मिठी नदी की सफाई के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ और कहा, हमने मुंबई की सड़कों को धोया, लेकिन उसके खजाने को कभी नहीं लूटा. शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए उन्हें रहमान डाकू तक कह डाला और दावा किया कि महायुति सरकार ऐसी ताकतों से निपटने के लिए पूरी तरह मजबूत है. उन्होंने कहा कि महायुति की सभी योजनाएं गेम चेंजर साबित होंगी और आगामी नगरपालिका चुनावों में गठबंधन



की जीत तय है. अपनी वैधता पर उठते सवालों पर जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों पदों पर रहते हुए असंवैधानिक कहा गया, लेकिन जनता के लिए काम कभी नहीं रुका. उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को यह स्वीकार नहीं हो रहा कि एक साधारण परिवार से आने वाला व्यक्ति इस मुकाम तक पहुंचा है.

> मुंबई के विकास को लेकर शिंदे ने कई अहम परियोजनाओं का जिक्र किया. इनमें वर्सोवा-भायंदर कोस्टल रोड, बीकेसी से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड टनल, पॉड टैक्सी परियोजना और विरार-वाधवन सड़क विकास शामिल हैं. उन्होंने दावा किया कि अब मुंबई में काला पानी समुद्र में नहीं जाएगा और पर्यावरणीय व राजनीतिक प्रदूषण दोनों खत्म होंगे. उन्होंने कहा कि मुंबई छोड़कर गए लोगों को वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं और दोहराया कि मुंबई को महाराष्ट्र से कोई अलग नहीं कर सकता.

# हज के लिए समय पर करें आवेदन

**नई दिल्ली.** हज-2026 की तैयारियों को लेकर केंद्र सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए अहम सर्कुलर जारी किया है. केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हज पर जाने के इच्छुक लोगों से अपील की है कि वे आवेदन और बुकिंग प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी न करें. सरकार का कहना है कि समय पर बुकिंग न होने पर अंतिम समय में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. मुसलमानों के लिए केंद्र सरकार ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं. अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक, सऊदी अरब के हज एवं उमराह मंत्रालय ने हज के लिए सेवा अनुबंधों को अंतिम रूप देने की अंतिम तिथि 1 फरवरी 2026 तय की है.

# हॉर्नबिल महोत्सव सांस्कृतिक समृद्धि

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की महोत्सव की सराहना

**नई दिल्ली 14 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव की सराहना की है और इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का सशक्त प्रतीक बताया है.**

पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक अखबार में हॉर्नबिल महोत्सव को लेकर लिखे गये लेख को साझा किया है और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया है. उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर एक नये, आत्मविश्वासी भारत का चेहरा प्रस्तुत करता है.



नागालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य केवल एक महोत्सव की मेजबानी नहीं करता, बल्कि स्वयं में एक उत्सव का प्रतीक है, जो त्योहारों की भूमि के गौरवशाली नाम को सही सिद्ध करता है.

> श्री सिंधिया ने एक अंग्रेजी अखबार में नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव में पूर्वोत्तर की झलकियां नाम से एक लेख लिखा है, जिसे पीएम मोदी ने एक्स पर साझा किया है. पीएम मोदी ने लिखा कि नागालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव मानवीय भावना के विविध रंग और प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत समन्वय के रूप में चित्रित करता है. उन्होंने कहा, जब हमारा पूर्वोत्तर प्रकाशमान होगा, तभी समूचा राष्ट्र उन्नति की ऊंचाइयों को छूएगा. नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और जीवन शैली को प्रस्तुत करने वाला यह महोत्सव नागालैंड की लड़ाकू जनजातियों का सबसे बड़ा उत्सव है. इसे त्योहारों का त्योहार भी कहा जाता है. इस हर साल एक से 10 दिसंबर यानी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है.

# अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में 60 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

**देहरादून.** उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूकॉस्ट) की ओर से 15 से 19 दिसंबर तक पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 'सेवेरल कॉम्प्लेक्स वैरिएबल्स' का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यशाला में भारत सहित विभिन्न देशों के 60 से अधिक शोधकर्ता और युवा वैज्ञानिक भाग लेंगे. उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से 15 से 19 दिसंबर तक पांच दिनी अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला सेवेरल कॉम्प्लेक्स वैरिएबल्स का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम गणितीय विश्लेषण के एक बहुत महत्वपूर्ण है.

## आज का इतिहास

- 1749 - शिवाजी महाराज के पोते साहू जी का निधन।
- 1803 - भोंसले और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई देवगांव संधि के तहत उड़ीसा और कटक कंपनी के शासन के अधीन हुए।
- 1950 - भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन।
- 1953 - भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं। इस पद वह पहली महिला थीं।

# विधायक डांगा को कारण बताओ नोटिस

**जयपुर.** राजस्थान में भाजपा ने नागौर जिले की खींवसर विधानसभा से विधायक रेवतराम डांगा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. यह नोटिस विकास कार्यों की अनुशंसा के बदले कमीशन लेने से जुड़ी खबर प्रकाशित होने के बाद जारी किया गया है. भाजपा का कहना है कि पार्टी अनुशासन सर्वोपरि है और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए विधायक से जवाब तलब किया गया है. भाजप पार्टी के नागौर जिले के खींवसर विधायक रेवतराम डांगा को उनके द्वारा विकास कार्यों की अनुशंसा के लिए कमीशन के संबंध में छपी खबर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ नोटिस जारी किया है. जारी किए नोटिस में कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार यह कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है.

# सिरप तस्करी पर ईडी का छापा

### 25 ठिकानों पर कार्रवाई, कई दस्तावेज जब्त


**नई दिल्ली, 14 दिसंबर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोडीन युक्त कफ सिरप के गैर-कानूनी व्यापार और दुरुपयोग के मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए देश के कई शहरों में तलाशी अभियान चलाया है.

ईडी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने उत्तर प्रदेश, झारखंड और गुजरात समेत छह राज्यों में एक साथ छापेमारी की. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोडीन युक्त कफ सिरप के गैर-कानूनी व्यापार और इसके दुरुपयोग के सिलसिले में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है. ईडी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को कहा कि उसने लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर, रांची और अहमदाबाद में आरोपियों और उनके साथियों के घरों और कार्यालयों समेत 25 जगहों पर तलाशी ली है. ईडी ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट, भारतीय दंड संहिता और दूसरे लागू कानूनों की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज 30 प्राथमिकियों के आधार पर अपनी जांच शुरू की. इन प्राथमिकी में कई स्तरीय वाले संगठित आपराधिक गिरोहों के होने का आरोप लगाया गया था जो कानूनी प्रक्रिया का घोर उल्लंघन करते हुए कोडीन युक्त कफ सिरप की गैर-कानूनी खरीद, स्टोरेज, दुरुपयोग और बिक्री में शामिल था.

# सीएम कार्यालय जाने वाली सड़कें खराब

### गोवा की टूटी सड़क पर केजरीवाल का हमला

**नई दिल्ली/पणजी, 14 दिसंबर.** दिल्ली और गोवा में राजनीति की गर्मागर्म बहस में आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोहरे हमले किए. पहले दिल्ली में प्रदूषण पर बयान देने वाली वर्तमान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की टिप्पणियों पर उन्होंने तीखा पलटवार किया. रेखा गुप्ता ने



विपश्यना साधना को लेकर कहा था कि केजरीवाल हर छह महीने इसमें भाग जाते हैं, जबकि वे दिल्ली में रहकर समाधान निकाल रहे हैं. केजरीवाल ने इसे राजनीतिक वैर बताया.

> केजरीवाल का यह हमला न केवल राजनीतिक बयानबाजी, बल्कि नागरिक सुविधाओं और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी जोर देता है. उन्होंने देखा कि गोवा के मुख्यमंत्री कार्यालय तक जाने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह से टूटी हुई है. उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सीएमओ की सड़क ही नहीं सुधारी जा सकती, तो आम गोवावासियों के लिए सड़कें कैसे सुरक्षित और ठीक रहेंगी.


**दि जलगाँव पीपल्स को-ऑप.बैंक लि.** १९३३ से
(मल्टि स्टेट शेड्युल्ड बैंक)
नाता निरंतर विश्वासका
रजिस्टर्ड ऑफीस : 152, पोलन पेठ, दाना बाजार, जलगाँव 425001. फोन 0257-2227711-16.
टोल फ्री नं. 18002331385. www.jpc.bank.in | jaljpcb@jpcbank.com

**'निष्क्रिय (Inoperative)' बचत बैंक खाता धारकों के लिए सूचना**

**यह सूचना उन बचत बैंक खाता धारकों के लिए है जिनके खाते पिछले दो वर्षों से कोई व्यवहार न होने के कारण 'निष्क्रिय (Inoperative)' हो गए हैं। उनसे अनुरोध है कि वे अपने KYC दस्तावेजों के साथ बैंक की किसी भी शाखा में जाकर अपना KYC अपडेट करवाएँ। ऐसे निष्क्रिय खाते जिनमें एक वर्ष से अधिक समय से शून्य (nil) शेष राशि है, ऊनमें यदी KYC अपडेट नहीं किया गया, तो इस सूचना के एक महिने बाद बिना किसी अन्य सूचना के खाते बंद कर दिए जाएँगे।**

**जलगाँव**
**09.12.2025**
**प्रबंध संचालक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**दि जलगाँव पीपल्स कोऑपरेटीव बैंक लि.**



**न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य) जिला इंदौर**
**(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्र.-जी 11)**

इंदौर दिनांक 11/12/2025
क्रमांक/ 780/अकरी/2025 प्रकरण क्र. / 0355/ब-121/2025-26

**पेपर विज्ञप्ति**

प्रति,

1. **केशविन्द कुरमी पिता श्री कमल सिंह**
**पता 1:** ग्राम भोंडिया रामा नगर पीथमपुर एकता नगर कॉलोनी के पास पीथमपुर मध्य प्रदेश 454775 **पता 2:** 7/4,7/5 एकता नगर प्लाट नं 120 का भाग 120 ए के नाम से जाना जाता है एकता नगर बंजारी स्थित, तहसील महू जिला इंदौर, मध्य प्रदेश - 453441
2. **अरविन्द अहिरवार पिता श्री दुर्गा प्रसाद**
**पता :** भोंदिया वार्ड नं. 06, रामा नगर कॉलोनी के पास, पीथमपुर, मध्य प्रदेश 454775

**द्वारा: पेपर प्रकाशन।** .......... **अनावेदक ऋणी**

-00-

प्रार्थी प्राधिकृत अधिकारी **आधार हाउसिंग फाइनेंस लि.** रजिस्टर्ड 802, नटराज बाय रुस्तमजी, बेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, सर एम. वि.रोड जक्शन अंधेरी ईस्ट मुंबई 400069 ब्रांच कार्यालय 105, 107 एवं 109, प्रथम तल शेखर सेंट्रल पलासिया चौराहा इंदौर म.प्र. 452001 द्वारा निवेदन किया गया है कि बंधक संपत्ति 7/4,7/5 एकता नगर प्लाट नं. 120 का भाग 120 ए के नाम से जाना जाता है एकता नगर बंजारी स्थित, तहसील महू जिला इदौर, मध्य प्रदेश - 453441 पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया है। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं और प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर कक्ष क्रमांक जी-11 में **दिनाक 19/12/2025 को दोपहर 03.00 बजे** होगी। आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी**
**जिला-इन्दौर**



# कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

**निविदा सूचना 2025-26**

निविदा सूचना क्र / पी.डब्लू. डी / 2025-26/18 बुरहानपुर दिनांक : 12/12/2025

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में। | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_466951_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 22 मालीवाडा में सामुदायिक भवन की डोम एवं फलोरिंग का निर्माण का कार्य। | 3 माह 16.99 लाख | 2,000/- 13,000/- | 14-01-2026 |
| 2 | 2025_UAD_466952_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 17 आलमगंज में महादेव मंदिर के पीछे रिक्त भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 3 माह 14.29 लाख | 2,000/- 11,000/- | 14-01-2026 |
| 3 | 2025_UAD_466953_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 46 गांधी कॉलोनी में माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य। | 3 माह 10.17 लाख | 2,000/- 8,000/- | 14-01-2026 |
| 4 | 2025_UAD_466954_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 43 के द्वारकापुरी स्थित गार्डन में जीम, झुले इत्यादि निर्माण कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/- | 30-12-2025 |
| 5 | 2025_UAD_466955_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 43 लालबाग के नारायण नगर में लखन वाटिका में पेवर ब्लॉक एवं सौंदर्यीकरण का कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/- | 30-12-2025 |
| 6 | 2025_UAD_466956_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 19 इतवारा में कमलेष गीते के घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/- | 30-12-2025 |
| 7 | 2025_UAD_466957_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 45 गुलाबगंज में षिवमंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/- | 30-12-2025 |
| 8 | 2025_UAD_466958_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 43 के ब्रजधाम कॉलोनी के बगीचे में सौंदर्यीकरण का कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/- | 30-12-2025 |
| 9 | 2025_UAD_466959_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 45 गुलाबगंज उपकार नगर बगीचे की ब्राउन्ड्रीवाल निर्माण का कार्य। | 2 माह 8.47 लाख | 2,000/- 8,500/- | 30-12-2025 |
| 10 | 2025_UAD_466960_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 45 गुलाबगंज में सूर्यवंषी क्षेत्रीय मराठा समाज के पास सौंदर्यीकरण का कार्य। | 2 माह 5.64 लाख | 2,000/- 5,700/- | 30-12-2025 |
| 11 | 2025_UAD_466961_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 10 चाचा फकीरचंद वार्ड में गुरूद्वारा की बाउन्ड्रीवाल निर्माण का कार्य। | 2 माह 4.24 लाख | 2,000/- 4,500/- | 30-12-2025 |
| 12 | 2025_UAD_466962_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 01 सतियारा श्मषान का विकास कार्य। | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/- | 14-01-2026 |
| 13 | 2025_UAD_466963_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 19 इतवारा नागझीरी श्मषान का विकास कार्य। | 6 माह 42.23 लाख | 5,000/- 32,000/- | 14-01-2026 |
| 14 | 2025_UAD_466964_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 40 सिंधी बस्ती श्मषान का विकास कार्य। | 6 माह 42.23 लाख | 5,000/- 32,000/- | 14-01-2026 |
| 15 | 2025_UAD_466965_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र.01 बाल भैरव व्यायाम शाला के पास बाउन्ड्रीवाल एवं एक कक्ष निर्माण कार्य। | 2 माह 9.20 लाख | 2,000/- 9,200/- | 30-12-2025 |
| 16 | 2025_UAD_466966_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 41 इंदिरा कॉलोनी लक्ष्मीनगर में सामुदायिक भवन निर्माण एवं तीन कक्ष निर्माण का कार्य। | 4 माह 25.42 लाख | 5,000/- 20,000/- | 14-01-2026 |
| 17 | 2025_UAD_466967_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 35 राजपुरा वार्ड जीमखाना परिसर में जलषक्ति केन्द्र के भवन निर्माण एवं फर्नीचर का कार्य। | 4 माह 25.36 लाख | 5,000/- 20,000/- | 14-01-2026 |
| 18 | 2025_UAD_466968_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 39 राजीव वार्ड में सामुदायिक भवन का कार्य। | 4 माह 25.36 लाख | 5,000/- 20,000/- | 14-01-2026 |
| 19 | 2025_UAD_466969_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 23 आजाद वार्ड सभा मंडप सिंगाजी मंदिर के पास कार्य। | 2 माह 8.44 लाख | 2,000/- 8,500/- | 30-12-2025 |
| 20 | 2025_UAD_466970_1 | नगर के मुख्य मार्गों पर रोड मार्किंग संबंधी कार्य। | 3 माह 20.54 लाख | 5,000/- 15,500/- | 14-01-2026 |
| 21 | 2025_UAD_466971_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. द्वारिकापुरी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 6 माह 63.56 लाख | 5,000/- 48,000/- | 14-01-2026 |
| 22 | 2025_UAD_466972_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 48 चिंचाला में श्मषान का विकास कार्य। | 6 माह 42.23 लाख | 5,000/- 32,000/- | 14-01-2026 |
| 23 | 2025_UAD_466973_1 | मु.न.क्षे.अ.नि.यो. अंतर्गत वार्ड क्र. 43 लालबाग में ब्रजधाम कॉलोनी में सामुदायिक भवन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य। | 3 माह 21.18 लाख | 5,000/- 16,000/- | 14-01-2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर



TATA

# टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा कार्यालय : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस, तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010

## अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

**(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिवसीय ई-नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोल्लिखित अचल संपत्ति जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए **'जो है जहाँ है' और 'जहाँ है, जैसा भी है' और 'जो भी हैं'** आधार पर दिनांक **02-01-2026** को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित हैं। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन / बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **02-01-2026** को दोपहर **2:00** बजे बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **31-12-2025** को समय सायं 5.00 बजे तक शाखा कार्यालय : **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस,** तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010 पर जमा किया जाना चाहिए।

प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहाँ है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

| क्रं | ऋण खाता क्रं. | ऋणी(यों)/सह-ऋणी(यों)/कानूनी वारिस(सों)/जमानतदा(रों) के नाम | मांग सूचना दिनांक | आरक्षित मूल्य | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TCHHL009700010032 9815 & TCHIN0097000100331 549 | श्री कमलेश जाट<br>श्रीमती ज्योती जाट | ₹ 16,66,713/- आपके द्वारा अनुबंध संख्या TCHHL0097000100329815 के अंतर्गत बकाया एवं देय एवं ₹ 1,89,218/- आपके द्वारा अनुबंध संख्या TCHIN0097000100331549 के अंतर्गत बकाया एवं देय हैं एवं कुल राशि ₹18,55,931/-<br>03-07-2025 | ₹ 20,70,000/-<br>अग्रिम जमा राशि (ईएमडी): ₹ 2,07,000/-<br>कब्जे का प्रकार : भौतिक | ₹ 2,03,655/- आपके द्वारा अनुबंध संख्या TCHIN0097000100331549 के अंतर्गत बकाया एवं देय हैं एवं ₹ 17,56,064/- आपके द्वारा अनुबंध संख्या TCHHL0097000100329815 के अंतर्गत बकाया एवं देय हैं एवं कुल राशि ₹ 19,59,719/-<br>11-12-2025 |

**अचल संपत्ति का विवरण** : अचल संपत्ति के समस्त एवं शेष भाग, प्लॉट नं. 25, डायमंड पार्क, वार्ड नं.04 स्थित, नगर परिषद राजगढ़तहसील सरदारपुर जिला धार (म.प्र.) क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट यानि (92.936 वर्ग मीटर)
**चर्तुसीमा:-** पूर्व :- प्लॉट नंबर 08, पश्चिम:- कॉमन रोड, उत्तर:- प्लॉट नंबर 24, दक्षिण:- प्लॉट नंबर 26

**नोट :- बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि बोली जमा करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें। नीलामी किसी भी मुकदमे या विवाद के नतीजे पर निर्भर होगी।**

नीलामी में, आम जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। हालाँकि, इस बिक्री के संबंध में कोई भी कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, बेची गई अचल संपत्ति में कोई भी हित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली नहीं लगाएगा, प्राप्त नहीं करेगा या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा।

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:

**कृपया ध्यान दें: ई-नीलामी पोर्टल https://auctionbazaar.com के माध्यम से दिनांक 02-01-2026 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।**

**नियम और शर्ते : 1**. अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उदघोषणा अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटी, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेय नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दुबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा। **2**. संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। **3**. बोली वृद्धि राशि: **रू.10,000/- (दस हजार मात्र) 4**. संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएँ 'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। **5**. उच्चतम बोलीकारी को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त है। **6**. उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। **7**. संपत्ति की निरीक्षण दिनांक **23-12-2025** को सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक किया जा सकेगा। **8**. खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। **9**. उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा 'प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। **10**. उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपीटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदार संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। **11**. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों जिनके लिए संपत्ति देनदार है का विवरण-कोई नहीं, दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण: उपरोक्त तालिका के अनुसार। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि के सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। **12.** अन्य किसी विवरण अथवा संभावी निविदाकार को ई-नीलामी पर प्रक्रिया आनलाईन प्रशिक्षण के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता **अर्का ईमार्ट प्राइवेट लिमिटेड, 6-3-1090/1/1, दूसरी मंजिल, पार्ट बी, उमा हैदराबाद हाउस, राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद - 500082 ईमेल आईडी: contact@auctionbazaar.com / support@auctionbazaar.com या मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com अधिकृत अधिकारी मोबाईल नंबर 8588983696 से संपर्क कर सकते हैं। कृपया अपने प्रश्न व्हाट्सएप नंबर 9999078669 पर भेजें।** **13.** उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोली दाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक/उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। **14**. उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **https://surl.li/jurrmi** का संदर्भ लें। **15**. कृपया इस लिंक पर भी जाएं : **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल / एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

ह/-
**(प्राधिकृत अधिकारी)**
**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि.**

**स्थान : इन्दौर (म.प्र.)**
**दिनांक : 15-12-2025**